**Regarding improvement in railway services in Aligarh by shifting Godown**

श्री सतीश कुमार गौतम **(अलीगढ़) :** सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । वैसे तो माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में रेलवे में बहुत अच्छे कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन मेरे अलीगढ़ का रेलवे स्टेशन तीसरी लाइन से कनेक्टेड नहीं है । एक मालगोदाम आने की वजह से केवल एक किलोमीटर का एक हिस्सा है, जो तीसरी लाइन से कनेक्ट नहीं हो पा रहा है । अगर मालगोदाम महरावल में शिफ्ट हो जाता है, तो रेलवे स्टेशन तीसरी लाइन से कनेक्ट हो जाएगा, जिससे यात्रियों को फायदा मिलेगा और रेलवे को भी फायदा मिलेगा । जो गाड़ियां लेट होती हैं या जो खड़ी रहती हैं, उनको भी इससे फायदा मिलेगा । इससे हमारे यात्रियों को टाइम से फायदा मिलेगा । हमारा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि मालगोदाम को जल्दी से जल्दी शिफ्ट कराने की कृपा करें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।